ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासियों की कहानियों का संग्रहण

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ ऑस्ट्रेलिया (ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पुस्तकालय) सक्रिय रूप से भारतीय विरासत वाले ऑस्ट्रेलियाई लोगों की कहानियों की खोज कर रहा है ताकि इन्हें राष्ट्रीय संग्रह में शामिल किया जा सके।

भारतीय विरासत वाले ऑस्ट्रेलिया का सबसे तेजी से बढ़ता प्रवासी समूह है, जिसमें 2022 से 750,000 से अधिक लोग शामिल हैं। भारतीय प्रवासी समुदायों ने ऑस्ट्रेलियाई समाज और संस्कृति के कई पहलुओं में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

नेशनल लाइब्रेरी (राष्ट्रीय पुस्तकालय) भारतीय विरासत वाले ऑस्ट्रेलियाई लोगों से उनकी कहानियों के बारे में एक संग्रह बनाने में सहायता देने का अनुरोध कर रहा है। लाइब्रेरी (पुस्तकालय) को उन लोगों द्वारा निर्देशित किया जाएगा जो स्व-परिभाषित तौर पर ऑस्ट्रेलिया में भारतीय प्रवासी समूह का हिस्सा हैं। इसमें वे लोग शामिल हो सकते हैं जिनकी विरासत विभाजन-पूर्व भारतीय उपमहाद्वीप से जुड़ी हुई है।

भारतीय प्रवासियों की कहानियों को इकट्ठा करके, लाइब्रेरी आज की कहानियों को संरक्षित रख सकती है और भविष्य के सामाजिक इतिहासकारों के लिए इन्हें सुलभ बना सकती है। लाइब्रेरी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऑस्ट्रेलिया के प्रवासन इतिहास का एक स्थायी दस्तावेजी रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

NATIONAL LIBRARY OF AUSTRALIA

लाइब्रेरी क्या खोज कर रही है?

लाइब्रेरी ऑस्ट्रेलियाई-भारतीय लोगों और समुदायों, उनके जीवन और अनुभवों, उनके काम और संगठनों द्वारा रचित और उनके बारे में सामग्री की खोज कर रही है।

इन सामग्रियों को राष्ट्रीय संग्रहण में शामिल किया जाएगा।

- पुस्तकें
- समाचार-पत्र या सूचना-पत्र
- पांडुलिपियाँ
- चित्र
- तस्वीरें
- पोस्टर
- इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन
- वेबसाइट्स
- क्षणिक वस्तु

आप कैसे योगदान दे सकते/ती हैं

यदि आपके पास ऐसी वस्तुएँ हैं जिन्हें दान देने में आपको खुशी होगी, तो आप विचार किए जाने के लिए उन्हें पुस्तकालय को देने की पेशकश कर सकते/ती हैं।

लाइब्रेरी उन लोगों के साथ इंटरव्यू (साक्षात्कार) भी रिकॉर्ड करेगी जो अपनी कहानी और अनुभव साझा करना चाहते हैं। यदि आप अपनी कहानी को लाइब्रेरी के ज़बानी (मौखिक) इतिहास संग्रह में शामिल किए जाना चाहते/ती हैं, तो आप लाइब्रेरी की वेबसाइट के माध्यम से अपनी रुचि व्यक्त कर सकते/ती हैं।

परियोजना और इस बारे में और अधिक जानने के लिए कि आप कैसे शामिल हो सकते/ती हैं, nla.gov.au/Australians-with-Indian-Heritage पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें हैं।

राष्ट्रीय संग्रह में योगदान देने के लिए धन्यवाद, हम आपका कार्य प्राप्त करने और उसका ध्यान रखने के लिए तत्पर हैं।

NATIONAL LIBRARY OF AUSTRALIA